# रेल हादसे के बाद महाप्रबंधक ने लिया जायजा

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा नागपुर मंडल के सिवनी - नैनपुर रेलखंड का व्यापक निरीक्षण

**सिवनी नवभारत। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सिवनी - नैनपुर रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिवनी, नैनपुर स्टेशन तथा नैनपुर-केवलारी सेक्शन का विशेष रूप से जायजा लिया। इस अवसर पर नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।**



उल्लेखनीय है कि हाल ही में शहडोलङ्कनागपुर एक्सप्रेस (11202) के रियर एसएलआर (ब्रेकयान) का एक पहिया नैनपुरङ्ककेवलारी रेलखंड में (खैररांजी प. ह.) के पास पटरी से उतर गया था। इस घटना के मद्देनज़र महाप्रबंधक द्वारा स्वयं संबंधित रेलखंड का निरीक्षण कर रेल संरचना, ट्रैक की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने ट्रैक की गुणवत्ता, रेल पथ के अनुरक्षण कार्य, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग की स्थिति, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था, स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं तथा यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घटना के कारणों एवं उसके पश्चात किए गए सुधारात्मक उपायों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। तरुण प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेल संरचना के अनुरक्षण में उच्चतम मानकों का पालन किया जाए तथा ट्रैक, सिग्नलिंग एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की नियमित एवं गहन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### यह रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेल परिचालन, संरक्षा संबंधी पहलुओं तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए रेल सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नागपुर मंडल के इंजीनियरिंग, वाणिज्य, परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों की सुरक्षित, सुगम एवं भरोसेमंद रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने बिखेरा प्रतिभा का जादू

**दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का हुआ शानदार समापन**



**सिवनी नवभारत।** कॉलेज का समय गोल्डन टाइम होता है। यहां शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कारों को आत्मसात करना ही असली सफलता है।18 से 28 वर्ष की आयु जीवन का आधार तय करती है। जैसे मजबूत इमारत के लिए सटीक मैप जरुरी है, वैसे ही भविष्य के लिए इस आयु मे सही दिशा चुनना आवश्यक है। यह विचार सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के स्नेह सम्मेलन के दौरान युवा छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कही.

विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि विद्यार्थियों के निर्माण में माता पिता और गुरूजन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, इसलिए अपने जन्मदाताओं का सम्मान अवश्य करें। उनके आशीर्वाद से ही जीवन फलीभूत होता है. विधायक ने अपनी प्रतिज्ञा दोहराई कि हम महाविद्यालय के विकास के लिए यथासंभव कोशिश करेंगे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन, 2026 की जोरदार शुरुआत हुई। युवा छात्र छात्राओं ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति से सभी को आकर्षित किया। आयोजन समारोह के मुख्य अतिथि सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा की जिलाध्यक्ष मीना बिसेन एवं उपस्थित अतिथियों ने माँ सरस्वती के पूजन-वंदन से कार्यक्रम की शरुआत की। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा की जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा की जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने कहा कि हर विद्यार्थियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना सरकार का लक्ष्य है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, नगर पालिका के सीएमओ भी उपस्थित रहे.

प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने कॉलेज को नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया। जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय ने पीएम एक्सीलेंस कॉलेज की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की ओर ध्यान दिलाया.

## एक नजर में

### मेहरा डहेरिया समाज महिला प्रकोष्ठ का अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह आज

सिवनी। नवनीत मेहरा डहेरिया समाज महिला प्रकोष्ठ सिवनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह दिनांक 15 मार्च दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे से 05 बजे तक समाज के मंगल भवन गंगानगर में आयोजित किया गया है जिसमें सामाजिक महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे एवं स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी कार्यक्रम के पश्चात भोजन की भी व्यवस्था महिला मंडल द्वारा की गई है महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता डेहरिया द्वारा जिले में निवासरत समस्त सामाजिक बहनों से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### बंडोल पुलिस ने चोरी के दो प्रकरणो में फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में फरार आरोपियो की धरपकड कर विशेष अभियान चलाकर थाना बंडोल पुलिस व्दारा तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। थाना बंडोल के अपराध क्रमांक 16/26 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस (उदघोषित ईनाम 3000/-रूपये) एवं अप.क्र.429/25 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस (उदघोषित ईनाम 2000/-रूपये) कुल 5000/- का उदघोषित फरार आरोपी विकाश डेहरिया जिसका थाना अरी में अप.क्र.174/22 धारा 379 ताहि, थाना लखनवाडा में अप.क्र.273/22 धारा 379 ताहि एवं थाना डूण्डा सिवनी में अप.क्र. 273/22 धारा 379 ताहि अप.क्र.485/22, अप.क्र.486/22 धारा 457,380,411,201 ताहि का पंजीबध्द है। उक्त आरोपी थाना डुण्डा सिवनी का निगरानी बदमाश है और आदतन चोरी का अपराधी है। जिसे आज दिनांक 14.03.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी में पेश कर जेल दाखिल कराया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उ.नि. मनोज जंघेला, सउनि) शिवेन्द्र वसूले, प्र. आर. बालमुकुंद बघेल, प्र.आर. जयेन्द्र बघेल, आर. सतेन्द्र चन्द्रवंशी, आर. रजनीकांत ठाकुर का योगदान रहा।

### मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सिवनी। मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 13 मार्च 2026 को नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान, इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर, सहायक संचालक श्री राजेश लिल्हारे, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश सेन, सदस्य श्री अखिलेश कुमार यादव, श्री शैलेन्द्र बिसेन, श्रीमती रूपाली टेम्भरे एवं श्री सुधीर सिंह ठाकुर सहित जिले के परियोजना अधिकारी, महिला सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 206 टैक्स बकायदारों से पौने ग्यारह लाख रुपए की हुई वसूली

**छपारा नवभारत।** नगर के जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित व्यवहार न्यायालय प्रांगण में 14 मार्च दिन शनिवार को नगर परिषद छपारा द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ मिली जानकारी के अनुसार छपारा नगर परिषद के संपत्ति ,जल और कांप्लेक्स के किराया के लंबित करों की भूगतान राशि कुल 1076776/- रुपए की टेक्स वसूली की गई कैंप की शुरुआत सुबह लगभग 10 बजे से हुई जिसमें लंबित कुल 324 प्रकरणों में से 206 का निराकरण किया गया उक्त अवसर पर नगर परिषद की सीएमओ गीता बाल्मिक,नोडल अधिकारी दीपक उईके, सहायक नोडल अधिकारी दीपक पाठक, कार्यालय प्रभारी संतोष रघुवंशी , सहायक राजस्व निरीक्षक चमनलाल भरतिया सहित नगर परिषद के कर्मी उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत का दोपहर लगभग 5 समापन हुआ।

## छपारा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में 98 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

**छपारा नवभारत।** नगर के सिंचाई कालोनी स्थित ऐरिकेशन ग्राउंड में 14 मार्च को मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत छपारा विकास खंड के निर्धारित कुल 100 जोड़ियों में से 98 जोड़ों का सामुहिक विवाह व निकाह पंरपरागत रुप से विधि पूर्वक संपन्न हुआ वहीं दूसरी ओर वर्तमान स्थिति को देखते हुए भोजन तैयार करने में कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह चूल्हों को बनाकर पुराने जमाने से लकड़ियां जलाकर तैयार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार नियत समय सुबह 9 बजे के स्थान पर सामुहिक कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम दोपहर लगभग 12 प्रारंभ किया गया जहां आदिवासी रिति-रिवाज से उपस्थित पंडा भुमका बाबा ने 58 जोड़ों, हिन्दू परंपरा से ब्राह्मण ने 38 एवं मुस्लिम समाज के मौलाना ने 2 जोड़ों को धार्मिक परंपराओं के साथ विवाह बंधनों में बंधे सभी जोड़ियों को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, सिवनी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जनपद पंचायत छपारा अध्यक्ष सदम सिंह बरकडे, नगर परिषद छपारा अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, सहित बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं वर-वधु ने परिजनों से आशिर्वाद प्राप्त किया। वहीं उपस्थित अतिथियों द्वारा मंच से एक जोड़ी को 49000/- रुपए का प्रतिकात्मक चेक वितरित किया गया कार्यक्रम दोपहर 2 संपन्न हुआ।



## नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं पार्षदों ने किया भीमगढ़ डैम का निरीक्षण



**सिवनी नवभारत।** 14 मार्च को नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने निकाय के पार्षदगण एवं अधिकारियों के साथ भीमगढ डैम सुआखेड़ा इंटकबेल का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त क्षेत्र के किसानों द्वारा डैम क्षेत्र में अवैध रूप से खेती की जा रही है साथ ही डैम के दोनो पाट पर हजारों किसानों द्वारा मोटर पंप लगाकर खेतों में सिंचाई का कार्य किया जा रहा है। जिसे संज्ञान में लेते हुए इन पर रोक लगाने के लिये नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर महोदय को भी इस संबंध में अवगत करायेंगे। साथ ही अध्यक्ष ने पार्षदों से चर्चा कर निर्णय लिया कि एमपीईबी सिंचाई विभाग एवं नगर पालिका सिवनी द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध रूप से मोटर पंप चलाकर डैम का पानी लेने वाले नागरिकों को रोकने का प्रयास किया जावेगा। निरीक्षण के दौरान पार्षदगण राजेश राजू यादवए संजय भलावी, अनिल पटवा, श्री शीबू सेंगर, निकाय के सहायक यंत्री श्रीमति देवश्वरी धुर्वे, उपयंत्री ॠषिकेश शर्मा, बंसत चौहान विपेश तिवारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विधायक ने नव दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने लखनादौन और छपारा मे आयोजित भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रमों मे सहभागिता कर नव-विवाहित जोड़ों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। आज मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत जनपद पंचायत लखनादौन मे आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के साथ अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए। जहां कार्यक्रम स्थल पर का पगड़ी पहनाकर फूलमालाओं से अतिथि सत्कार किया गया। लखनादौन के पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जनपद पंचायत छपारा पहुंचे। जहां उन्होंने आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे सहभागिता किया। तथा मंडप मे जाकर नव दाम्पत्तियों से भेंट किया और आशीर्वाद प्रदान कर सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दिया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि बेटियों का कन्यादान सबसे बड़ा पुण्य है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना निर्धन परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है, जिससे सामाजिक समरसता और खुशहाली बढ़ रही है। इस पुनीत अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या मे आमजनों की उपस्थिति रही।



## सिवनी पुलिस की सृजनात्मक गतिविधियों की राज्य स्तर पर सराहना

**पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधी. दीपक मिश्रा के नेतृत्व में जिले की सृजन टीम ने संबल फोरम में की प्रतिभागिता**




**सिवनी नवभारत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार सृजन और सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में की गई बेस्ट प्रैक्टिसेज (उत्कृष्ट कार्यों) के सम्मान व समीक्षा हेतू भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज भोपाल में यूनाइटेड नेशन जनसंख्या कोष व कोडी इंस्टिट्यूट के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम संबल सेलिब्रेटिंग सोशल वर्क इन जस्टिस सेक्टर में जिले से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, सूबेदार जितेंद्र रावतकर, आर. नारायण ठाकरे और मातृशक्ति संगठन से श्रीमती सीमा चौहान, श्रीमती मधुरिमा सक्सेना, कु. कृति श्रीवास्तव,मार्गिक फाउंडेशन से कु. शिवानी, अनुराधा सिंह,कनक फाउंडेशन से प्रभाकर बिसेन और श्रीमती नमिता बोपचे ने जोरदार प्रतिभागिता दर्ज की। सभी को संबल 2026 शील्ड से सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना से चर्चा के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा में चल रहे सृजन गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया, डीजीपी के पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा किए जा रहे नवाचारों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और उत्साह से कार्य करने पर खुशी व्यक्त की गई।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल के वाइस चांसलर डॉ. प्रो. एस सूर्यप्रकाश के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न सम्मान समारोह में सामुदायिक पुलिसिंग की गतिविधियों और पुलिस मुख्यालय के नवाचारों और अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय की दिशा में जनोन्मुखी कार्यों (ग्रासरूट चेंजमेकर्स) हेतू निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे ठाकरे को विशेष सम्मान व सोशल वर्क इन जस्टिस सेक्टर पर विभिन्न पदस्थापनाओं में किए गए नवाचारों पर विचार और सुझाव हेतु संवाद और प्रेजेंटेशन का अवसर प्राप्त हुआ। विदित हो कि सिवनी पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सर के कुशल नेतृत्व में लगातार किशोरों को कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने व वर्तमान पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य और सर्वांगीण विकास हेतू संचालित जागरूकता कार्यक्रमों जैसे सृजन, सम्मान, सेफ क्लिक, मुस्कान, हम होंगे कामयाब, मैं भी अभिमन्यु, असली हीरो, जिम्मेदार मर्दानगी, नशे से दूरी हैं जरूरी, दिशा लर्निंग सेंटर,ग्राम व नगर रक्षा समितियों और ट्रैफिक वार्डन व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन तथा सामाजिक संस्थाओं,एनजीओ, हार्टफुलनेस ध्यान,विद्यालयीन व अकादमिक छात्र छात्राओं का पुलिस संस्थाओं में शैक्षणिक भ्रमण,कैरियर काउंसिलिंग गाइडेंस,साइबर व ट्रैफिक सेफ्टी, आत्मरक्षा के प्रशिक्षण आदि को लेकर विभिन्न सृजनात्मक कार्यों और गतिविधियों को उत्कृष्टता से निष्पादित किया जा रहा हैं।ये सभी जनोन्मुखी कार्य पुलिस की निष्पक्ष छवि के निर्माण के साथ-साथ सोशल जस्टिस,आम जनों के साथ ट्रस्ट बिल्डिंग और दीर्घकालिक सुखद परिणाम और परिवर्तनकारी साबित हो रहें हैं।

**आयोजन** | वैज्ञानिको एवं संस्थाओं द्वारा की जा रही अभिनव पहल, किसानों ने वैज्ञानिकों को समस्याओं से कराया अवगत

# बरघाट को पुन: लाख उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल

**सिवनी नवभारत।** लाख कीट द्वारा पोषक वृक्षों पर संचरण कर अपने शरीर से श्रावित आवरण राल को लाख या लाह कहते है जो एक बहुमूल्य , बहुउपयोगी व नगद उत्पाद या फसल के रूप में प्राप्त की जाती है। भारत द्वारा बड़े पैमाने पर पश्चिमी देशों में निर्यात कर विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है ।हमारे देश की अर्थव्यवस्था में लाख व लाख से बनने वाले उत्पादों का बड़ा योगदान है।




सिवनी जिले के बरघाट क्षेत्र में परंपरागत रूप से कृषकों द्वारा निजी खेतों की मेडो पर एवं स्व सहायता समूहों द्वारा शासकीय भूमि पर लगे पलास व बेर के पेड़ो पर रंगीनी किस्म का लाख कीट संचरण कर लाख की खेती की जाती है ।सिवनी जिले के बरघाट, केवलारी ,कुरई एवं सिवनी विकास खंड में बहुतायत में लाख की खेती की जाती है लाख उत्पादन,मजदूरी कार्य,संग्रहण एवं ट्रेडिंग कार्य से जिले के लगभग एक लाख परिवारों की आजीविका जुड़ी है। क्षेत्र की मुख्य फसल उत्पादन मात्रा में धान है किंतु कीमत की तुलना में लाख अधिक मूल्यवान फसल है।

बरघाट में मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा लाख बाजार है जहां वर्तमान में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना जैसे प्रदेशों से लाख प्राप्त कर छत्तीसगढ़,झारखंड एवं पश्चिम बंगाल की राष्ट्रीय मंडियों व उद्योगों को कच्ची लाख की आपूर्ति की जाती है मध्य प्रदेश में कच्ची लाख उत्पादन की स्थिति 2010 में लगभग 2800 टन थी जो 2020 में घटकर 385 टन तथा वर्तमान में यह और कम रह गई है, जिससे प्रदेश के लाखों परिवारों की आजीविका पर संकट आ गया है।

जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में हो रहे बदलाव एवं आधुनिक तकनीकी व वैज्ञानिक विधि के अभाव में विगत 10 वर्षों से लाख उत्पादन में लगातार आ रही कमी से बरघाट लाख उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पहुंचा खोया जा रहा है जो चिंतनीय है।

सिवनी जिले के बरघाट क्षेत्र से विलुप्त हो रही लाख को पुनर्जीवित कर पुन: पहचान स्थापित करने हेतु इस क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं जैसे ग्राम मंगल संस्थान,आदर्श लाख समिति, पौनार एग्री प्रोड्यूसर कंपनी , उद्योगिनी संस्था, रिलाइंस फाउंडेशन, न्यू शीड संस्था, जे एन के के वि वि जबलपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं म प्र आजीविका मिशन, लाख व्यवसायि ,ओम ट्रेडर्स तथा युवा उत्साही कृषको द्वारा एक मंच पर आकर आज बरघाट में एक कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लाख उत्पादन किसान,स्व सहायता समूहों,व्यापारी बंधुओं ने प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला में किसानों की ओर से महेश राहंगडाले लाख व्यापारियों की अशोक राहंगडाले पिपरिया आदर्श लाख समिति के श्री कोमल बघेल ग्राम मंगल संस्थान के बसंत राहंगडाले, तामसिंह राहंगडाले सुनील चौहान,मयंक राहंगडाले, विनोद टेंभरे उद्योगिनी के मो शाहनवाज मंसूरी, नीरज कुशवाह , न्यू शीड के लक्ष्मी चंद्रवंशी जी,ओम ट्रेडर्स के श्री राजेंद्र जी ने लाख खेती व व्यवसाय में आ रही समस्याओं से वैज्ञानिकों को अवगत कराया।

कार्यशाला में उपस्थिति जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मोनी थॉमस जी ने लाख उत्पादन में आ रही समस्या को सुनकर किसानों को सलाह दिया कि जलवायु परिवर्तन व मौसम की प्रतिकूलता से लाख कीट पालन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है समय से पहले अधिक ठंड तथा अधिक गर्मी के कारण लाख कीट ग्रोथ नहीं कर पाता और मर जाता है ।जिससे लाख उत्पादन में भारी कमी आई है। मौसम में हो रहे बदलाव से लाख फसल को बचाने के लिए किसान निम्न विकल्पों को अपनाकर फिर से लाख उत्पादन में वृद्धि कर सकते है।

पलाश वृक्षों पर रंगीनी लाख पालन हेतु पानी या नमी वाले स्थानों की पलास वृक्षों पे स्वय की आवश्यकता अनुसार बिहन नर्सरी तैयार कर बिहान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर बदलते रहे। पोषक वृक्षों में नमी बनाए रखने व रस दार बनाने हेतु पानी सिंचाई सल्फर,एवं पोटास का उपयोग करें। पलास पेड़ो की सही समय में शाखाएं कटकर नई शाखाओं में ही रंगीनी किस्म का बिहान चढ़ाए। बेर पर लाख खेती करने का समय बदलकर फरवरी में पेड़ की कांट छाट के जुलाई माह में केवल कुसमी किस्म के लाख कीट का संचरण करें ।5 लाख बिहान तैयार कर जुलाई मौसम में परिपक्व अवस्था में कीट निकलने के पूर्व तथा नवम्बर माह में 1,2 कीट निकलने के पश्चात ही बिहान काटकर शुरुआती कीट नए वृक्षों पर चढ़ाएं।

## कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई, अग्रोहा लॉन व साई रेसिडेंसी से घरेलू सिलेंडर जब्त

सिवनी नवभारत। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग पर प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। पूर्व में लॉन संचालकों एवं केटरर्स की बैठक लेकर घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग न करने की समझाइश भी दी गई थी। इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान अग्रोहा लॉन एवं साईं रेसिडेंसी में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए राजस्व एवं खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दोनों स्थानों से 1-1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला प्रशासन द्वारा रेस्टोरेंट, लॉन संचालक, केटरर्स सहित सभी व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं से अपील की गई है किसी भी स्थिति में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न करें। गैस के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करे।

## प्रभारी मंत्री वर्मा आज जिले के प्रवास पर रहेंगे

**सिवनी नवभारत।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा 15 मार्च 2026 को सिवनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री वर्मा 15 मार्च को प्रात 06:20 बजे सिवनी पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा 15 मार्च को प्रात: 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी के सभाकक्ष में जिला कोर कमेटी की बैठक में भाग लेंगे। बैठक के पश्चात मंत्री श्री वर्मा दोपहर 01 बजे बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बादलपार, जनपद पंचायत कुरई**

दिनांक-14/03/2026

**बैठकी एवं मवेशी बाजार नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बादलपार में बैठकी एवं मवेशी बाजार की नीलामी वर्ष 2026-27 हेतु दिनाँक 17.03.2026 को 1,00 बजे से पंचायत भवन बादलपार में रखी गई है. जिसकी आफसेट प्राइज राशि 8,30,500/- (आठ लाख तीस हजार पाँच सौ है) एवं बोलीदार को बोली लगाने से पूर्व अमानत राशि 50,000/- हजार जमा करना होगा। नियम व शर्तें पंचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सरपंच ग्राम पंचायत बादलपार | सचिव ग्राम पंचायत बादलपार

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरेखा कला जनपद पंचायत बरघाट, जिला-सिवनी**

दिनांक-14/03/2026

**निविदा**

ग्राम पंचायत सरेखा कला द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायत अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं के पक्के कच्चे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री एवं किराये की सेवाओं के लिए इच्छुक एवं पात्र फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। आवश्यक सामग्री/सेवाएं इस प्रकार हैं- रेत, गिट्टी, मुरुम सीमेंट लोहा ईंट सीमेंट पाइप (1000 एम.एम. एवं 600 एम.एम.) पानी टैंकर परिवहन हेतु ट्रैक्टर किराया सेंट्रिंग (सेन्टीग) किराया मिक्सर मशीन किराया समस्त प्रकार की पुताई सामग्री कार्यालय उपयोग हेतु टेबल, कुर्सी, दरी आदि सामग्री कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथिः 11/03/2026 से 18/03/2026 कार्यालयीन समय में (अवकाश दिवस छोड़कर) इच्छुक फर्म निर्धारित तिथि तक अपना कोटेशन कार्यालय ग्राम पंचायत सुरेखा कला में जमा कर सकते हैं। विलंब से प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

आदेशानुसार
सरपंच-सचिव